# मनवा राधे राधे बोल | By Namrata Karwa

कृष्ण नाम का सुमिरन कर ले मन की आँखें खोल
राधे राधे बोल मनवा कृष्णा कृष्णा बोल

मोर मुकुट कानो में कुण्डल मोहन मुरली वाले हैं
अपनी एक ऊँगली कन्हैया ये संसार संभाले हैं
मन के तराज़ू से तू बन्दे कृष्ण नाम को तोल
राधे राधे बोल मनवा कृष्णा कृष्णा बोल

तू भी प्रीत लगा ले इनसे खो जा इनके प्यार में
धीरज धार सब अर्पण कर दे दुनिया के बाजार में
श्याम कृपा जिसपे हो जाती बन जाता अनमोल
राधे राधे बोल मनवा कृष्णा कृष्णा बोल

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%a8%e0%a4%b5%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2-by-namrata-karwa/